देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 06.06.2025
समय 1305

पहले मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू–कश्मीर के कटरा में चिनाब नदी पर दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च–ब्रिज का उद्घाटन किया।
- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा – केंद्र और राज्य राज्य सरकार मिलकर, उत्तराखंड को बागवानी का राष्ट्रीय हब बनाएंगी।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने बागेश्वर जिले में एरोमैटिक पौधों और औषधीय जड़ी–बूटियों की खेती को ग्रामीण आजीविका के लिए उपयोगी बताया।
- चार धाम यात्रा पर आए विदेशी तीर्थयात्रियों ने ऋषिकेश स्थित यात्रा ट्रांजिट कैम्प में उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के लिए सरकार के प्रयासों को सराहा।

<u>प्रधानमंत्री आर्च ब्रिज उद्घाटन</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज जम्मू–कश्मीर के कटरा में चिनाब नदी पर दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च–ब्रिज का उद्घाटन किया। इस दौरान जम्मू–कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, उप राज्यपाल मनोज सिन्हा और रेल मंत्री अश्विणी–वैष्णव भी मौजूद रहे।

गौरतलब है कि नदी तल से 359 मीटर की ऊँचाई पर स्थित और एक हजार 315 मीटर लंबा यह रेलवे आर्च ब्रिज, जम्मू–श्रीनगर के बीच मजबूत कनेक्टिविटी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस ब्रिज के निर्माण से जम्मू और कश्मीर घाटी के बीच की यात्रा मात्र 3 से 4 घंटों में पूरी होगी।

<u>केंद्रीय कृषि मंत्री</u>

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि केंद्र और राज्य राज्य सरकार मिलकर, उत्तराखंड को बागवानी का राष्ट्रीय हब बनाएंगी। केंद्रीय मंत्री ने आज देहरादून जिले में डोईवाला विकासखण्ड के पाववाला सौड़ा गांव में आयोजित किसान चौपाल में किसानों के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने किसानों की समस्याएं सुनीं और उनके सुझाव लिए। चौपाल में किसानों ने बीज, सिंचाई, विपणन, फसल बीमा योजना और कृषि उत्पादों के उचित मूल्य से जुड़ी अपनी बातें रखीं। साथ ही लीची, बासमती चावल, कटहल और सब्जी उत्पादकों ने भी अपनी समस्याएं साझा कीं और समाधान के सुझाव दिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जैविक उत्पाद–मोटा अनाज, वाकई अद्भुत है। उन्होंने कहा कि आज कई किसानों ने अपने सफल प्रयोग, विकसित कृषि संकल्प अभियान के दौरान बताए हैं। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड की पवित्र माटी में पैदा होने फल और सब्जियां देश और दुनिया के बाजारों में जाएं, इसके लिए योजना बनाई जा रही है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार, किसानों की आय को दोगुना करने और 'विकसित भारत' की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

<u>शिशु आहार निरीक्षण</u>

भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के निर्देशानुसार देशभर में शिशु आहार उत्पादों पर एक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बागेश्वर के जिला अभिहित अधिकारी ललित मोहन पांडे के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान शिशु आहार से जुड़े उत्पादों की स्थिति और लेबलिंग की गहन जांच की गई। साथ ही दुकानदारों को शिशु आहार से जुड़े उत्पादों की उचित भंडारण व्यवस्था, सही लेबलिंग और लाइसेंस की अनिवार्यता के बारे में जानकारी भी दी गई। श्री पाण्डेय ने बताया कि निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बाजार में उपलब्ध शिशु आहार उत्पाद मानक के अनुसार हों और बच्चों के स्वास्थ्य से कोई समझौता न हो।

<u>राज्यपाल कौसानी</u>

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने बागेश्वर जिले के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल कौसानी का दौरा किया। इस दौरान राज्यपाल ने स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए उत्पाद स्टॉलों का अवलोकन किया और समूह की महिलाओं से संवाद कर उनकी मासिक आय और कार्य प्रणाली की जानकारी ली। उन्होंने महिलाओं को आय के नए स्रोतों से जुड़ने और डिजिटल मार्केटिंग के माध्यम से व्यापक बाजार तक पहुँचने के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल ने जिले में महिलाओं के आत्मविश्वास की प्रशंसा करते हुए कहा कि उचित अवसर और सहयोग से वे सफलता के नए आयाम स्थापित कर सकती हैं। उन्होंने बागेश्वर जिले में एरोमैटिक पौधों और औषधीय जड़ी–बूटियों की खेती को राज्य की आर्थिकी का गेम चेंजर बताते हुए इसे ग्रामीण आजीविका के लिए उपयोगी बताया। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने राज्यपाल को जिले में संचालित विकास योजनाओं, धार्मिक और साहसिक पर्यटन संभावनाओं तथा नवाचारी पहलों की जानकारी दी। राज्यपाल ने जिले को राष्ट्र की आर्थिक धुरी बताते हुए संसाधनों के बेहतर उपयोग और युवाओं की ऊर्जा को रचनात्मक दिशा देने पर बल दिया। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि घोस्ट विलेज को होस्ट विलेज में बदलने के लिए विशेष योजनाएं चलाई जाएं, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों को भी विकास की मुख्यधारा में जोड़ा जा सके।

चारधाम यात्रा

उत्तराखंड में चल रही चार धाम यात्रा में देश के विभिन्न प्रांतों के साथ ही विदेशी तीर्थयात्री भी शामिल हो रहे हैं। विदेशी तीर्थयात्रियों ने ऋषिकेश स्थित यात्रा ट्रांजिट कैम्प में उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के लिए सरकार और यात्रा प्रशासन के प्रयासों को सराहा है।

ऋषिकेश में चारधाम यात्रा प्रशासन संगठन की ओर से यात्रा ट्रांजिट कैंप का संचालन किया जा रहा है। जिसमें यात्रियों को पंजीकरण से लेकर, स्वास्थ्य परीक्षण और निशुल्क भोजन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। ट्रांजिट कैंप पर विदेशी तीर्थयात्रियों के पंजीकरण के लिए अलग से काउंटर बनाए गए हैं। ब्रिटेन, ताईवान, रूस, कनाडा और अमरीका से आए श्रद्धालुओं ने चारों धाम की यात्रा के लिए ट्रांजिट कैंप में आसान पंजीकरण प्रक्रिया के साथ ही यात्रा मार्ग की समस्त जानकारी मिलने पर खुशी व्यक्त की। साथ ही पंजीकरण केंद्र पर ही यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण किए जाने को सराहा। उन्होंने विदेशी नागरिकों के लिए अलग से पंजीकरण केंद्र बनाए, साफ–सफाई और स्थानीय प्रशासन के व्यवहार की प्रशंसा भी की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यात्रा ट्रांजिट कैंप में अब तक 8 हजार 486 विदेशी तीर्थ यात्रियों का पंजीकरण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा में देश–विदेश के तीर्थ यात्री शामिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सभी तीर्थ यात्रियों को हर संभव सुविधा और सहायता प्रदान कर रही है, ताकि यात्री देवभूमि उत्तराखंड से सुखद अनुभूति लेकर जाएं। इसके लिए यात्रा प्रशासन को हर वक्त अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए गए हैं।

*आकाशवाणी देहरादून के लिए समाचार कक्ष से जयवीर सिंह*

केंद्रीय मंत्री केदारनाथ दर्शन

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने आज प्रातः सपरिवार बाबा केदार के दर्शन किए। उन्होंने गर्भ गृह में रुद्राभिषेक पूजा की और जन कल्याण की प्रार्थना की। इससे पहले बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति और केदार सभा ने हेलीपेड पर केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया। समिति के मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि केंद्रीय मंत्री ने उत्तराखंड सरकार और मंदिर समिति की यात्रा व्यवस्थाओं की सराहना की।

पीएम आवास पंजीकरण

देहरादून जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में पंजीकरण के लिए सर्वे की सुविधा 18 जून तक खुली हुई है। जिलाधिकारी सविन बंसल ने अपील की है कि जिले के इच्छुक ग्रामीण आवासहीन परिवार सर्वे में अपना नाम दर्ज करने के लिए संबंधित विकासखंड में खंड विकास अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने बताया कि यह आवश्यक है कि इच्छुक ग्रामीण आवासहीन परिवार उसी ग्राम पंचायत के परिवार रजिस्टर में दर्ज हों, जिसमें वह पंजीकरण कराना चाह रहा है।

बाइक रैली

साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पिथौरागढ़ ज़िले में कल एक मोटर साइकिल रैली का आयोजन किया जा रहा है। इसकी शुरुआत जीओसी– यूबी एरिया से होगी। दस दिन की यह रैली जी. ओ.सी–इन–सी सेंट्रल कमांड में समाप्त होगी। 'ज़ोरावर ट्रेल' नाम से आयोजित होने वाली यह रैली कुमाऊँ की प्राकृतिक सुंदरता और बीहड़ इलाकों को प्रदर्शित करने का काम भी करेगी, जिससे पर्यटन

को बढ़ावा मिलने की आशा है। इस रैली का आयोजन 12—जम्मू कश्मीर राइफल्स की ओर से किया जा रहा है।

धोखाधड़ी गिरफ्तार

ऊधमसिंहनगर पुलिस साइबर सेल और एसओजी टीम ने लोगों से करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पूर्व में भी गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार किए जा चुके हैं। आरोपियों से भारी मात्रा में मोबाइल फोन, सिम कार्ड, चेक बुक और एटीम बरामद हुए हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी 15 राज्यों के लोगों के साथ ठगी कर चुके हैं।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर—

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू—कश्मीर के कटरा में चिनाब नदी पर दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च—ब्रिज का उद्घाटन किया।
- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा — केंद्र और राज्य राज्य सरकार मिलकर, उत्तराखंड को बागवानी का राष्ट्रीय हब बनाएंगी।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने बागेश्वर जिले में एरोमैटिक पौधों और औषधीय जड़ी—बूटियों की खेती को ग्रामीण आजीविका के लिए उपयोगी बताया।
- चार धाम यात्रा पर आए विदेशी तीर्थयात्रियों ने ऋषिकेश स्थित यात्रा ट्रांजिट कैम्प में उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के लिए सरकार के प्रयासों को सराहा।